हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026
[राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव]

# भृत्य से लेकर अफसरों को कर्मयोगी पोर्टल पर ट्रेनिंग जरूरी, तभी मिलेगा अप्रैल का वेतन


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मिशन कर्मयोगी के तहत केंद्र सरकार द्वारा संचालित आईगोट कर्मयोगी पोर्टल पर अब राज्य शासन के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण लेना अनिवार्य कर दिया गया है। इसमें विभागीय भृत्य से लेकर आला अफसरों तक को अगले 15 दिनों के भीतर तीन ट्रेनिंग लेने कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर अप्रैल महीने का वेतन जारी नहीं किया जाएगा। बताया गया कि जिलेभर में करीबन आठ हजार कर्मचारियों को इस आदेश का परिपालन करना होगा। सरकार का कहना है कि इसका उद्देश्य सरकारी अमले की कार्यक्षमता और कौशल को बेहतर बनाना है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय की ओर से सभी विभागीय सचिवों को पत्र जारी किया गया है। ज्ञात हो कि सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि छत्तीसगढ़ मंत्रालय स्तर पर कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने पद के अनुसार तय प्रशिक्षण कोर्स करना होगा। कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध 10 निर्धारित कोर्स में से कम से कम 3 कोर्स हर अधिकारी-कर्मचारी को अनिवार्य रूप से पूरे करने होंगे। पत्र में यह भी कहा गया है कि संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि उनके यहां पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी समय पर इन अनिवार्य कोर्स को पूरा करें। साथ ही प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उसकी जानकारी iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर अपडेट की जाए, ताकि रिकॉर्ड सही तरीके से दर्ज हो सके।

## केंद्र सरकार के पोर्टल में अप्रैल महीने में ही तीन ट्रेनिंग करना जरूरी, आदेश जारी

### ट्रेनिंग के बाद ही मिलेगा वेतन

सभी के लिए एआई से संबंधित कोर्स अनिवार्य है। अधिकारी-कर्मचारी को कम से कम तीन कोर्स पूरे करना अनिवार्य होगा। वर्ष 2026-27 से एपीएआर (वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन) में भी 3 कोर्स की अनिवार्यता जोड़ी जाएगी। विशेष रूप से अप्रैल माह का वेतन आहरण करने के लिए तीन कोर्स पूर्ण होना जरूरी किया गया है। डीडीओ (आहरण एवं संवितरण अधिकारी) वेतन जारी करने से पूर्व प्रमाण पत्र जांचेंगे, तभी वेतन का भुगतान होगा। आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर 100 से अधिक कोर्स उपलब्ध है।




### मिलेगा डिजिटल प्रमाण पत्र

परिचय पोर्टल से आई-गॉट वेबसाइट पर या ईएचआरएमएस पोर्टल के ट्रेनिंग के अवसर सेक्शन से पंजीयन किया जा सकता है। कर्मचारियों को प्रोफाइल में पदनाम, विभाग, एनआईसी ईमेल व मोबाइल नंबर जैसा ब्योरा अपडेट करना होगा। विभागों को 15 दिन में आई गॉट पर रजिस्ट्रेशन व पूर्ण कोर्स का ब्योरा ई-ऑफिस से भेजना होगा। प्रशिक्षण की व्यवस्था 3 प्रमुख तरीकों इंडक्शन प्रोग्राम, मिड-करियर लर्निंग और सेल्फ लर्निंग से की गई है। प्रत्येक कोर्स के अंत में परीक्षा होगी और सफल अभ्यर्थियों को डिजिटल प्रमाण पत्र मिलेगा। ये एपीएआर से जोड़ा गया है। जिससे पदोन्नति व अन्य लाभ प्रभावित होंगे।

छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

**खैरागढ़।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 21 अप्रैल को मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा नया तरिया के पास बाजार अतरिया में रेड कार्रवाई की गई। रेड के दौरान आरोपी सिमोन यादव 21 वर्ष निवासी ग्राम बाजार अतरिया को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से दो सफेद-पीले रंग के विमल पान मसाला के थैलों में रखी 11 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब, 24 पौवा शोले देशी प्लेन मदिरा जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को 21 अप्रैल को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## शहर विकास का महापौर मधुसूदन यादव ने पेश किया बजट, कई सालों बाद 15 लाख लाभ का बजट

# सौंदर्यीकरण और पानी की किल्लत दूर करने पर फोकस क्रिकेट टर्फ, ई-वाहनों का चार्जिंग पाइंट जैसे वादे भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम में बुधवार को लाभ का बजट 15 लाख रुपए प्रस्तावित बजट प्रस्तुत करते कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए यह बजट है। द्वितीय बजट सत्र में महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि द्वितीय बजट में हमारा यह प्रयास होगा कि उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते शहर का सर्वांगीण विकास कर सकें एवं नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा सकें।

उन्होंने कहा कि नगर निगम राजनांदगांव के वित्तीय वर्ष 2026-27 का आय-व्यय अनुमान पत्रक प्रस्तुत करते प्रसन्नता हो रही है। वर्ष 2025-26 के बजट प्रावधानों के विरूद्ध पुनरीक्षित आय 474 करोड़ 20 लाख 50 हजार रुपए तथा पुनरीक्षित व्यय 478 करोड़ 26 लाख रुपए है। बजट अनुमान अंतर्गत कुल अनुमानित आय 646 करोड़ 23 लाख रुपए तथा व्यय 696 करोड़ 70 लाख 50 हजार रुपए था। जबकि वर्ष 2025-26 में प्रारंभिक अवशेष राशि 50 करोड़ 24 लाख 55 हजार रुपए था। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रावधान में प्रस्तावित आय 579 करोड़ 83 लाख 18 हजार रुपए तथा व्यय 643 करोड़ 49 लाख 71 हजार रुपए है। वर्ष 2026-27 का अनुमानित प्रारंभिक अवशेष राशि 63 करोड़ 81 लाख 53 हजार की संभावना है। इसे मिलाकर कुल आय 643 करोड़ 64 लाख 71 हजार है। इस प्रकार लाभ का बजट 15 लाख रुपए प्रस्तावित है।

⏵⏵ शेष पेज 12 पर





### इलेक्ट्रिक चार्जिंग सेंटर निर्माण

शहर के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक चार्जिंग सेंटर निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, प्रमुख 5 स्थानों में महिला प्रसाधन निर्माण हेतु 50 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है। महिला हाट बाजार निर्माण हेतु 1 करोड़ रुपए, निगम सीमाक्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं के लिए हॉस्टल निर्माण हेतु 2 करोड़ रुपए, शहर के छोटे व्यवसायी के व्यवस्थित संचालन करने स्ट्रीट वेंडर की स्थापना हेतु 3 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।

### डॉग शेल्डर की स्थापना

कुत्तों का बधियाकरण, डीवर्मीकल तथा वेक्सीनेशन के लिए 100 कुत्ते रखने डॉग शेल्टर की स्थापना एवं वार्ड में कम से कम एक फीडिंग पाईट निर्माण हेतु 1 करोड़ रुपए, चिन्हांकित टीबी मरीजों के पोषण आहार हेतु 5 लाख रुपए, घर में ही कचरा पृथक करने डस्टबिन वितरण हेतु 1 करोड़, प्रमुख सड़कों की सुंदरता एवं सौंदर्यीकरण तथा कचरा संग्रहण हेतु मुक्कड़ को समाप्त कर टेंचिग ग्राउंड में रखने 25 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है।

### चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण

स्टेशन रोड, दूरसंचार विभाग के पास एवं ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसायिक परिसर निर्माण हेतु 5 करोड़ रुपए (लोन एवं अनुदान) का प्रावधान रखा गया है। नगर निगम कार्यालय स्थित निगम स्वामित्व के दुकानों का पुनः निर्माण तथा प्रथम तल निर्माण हेतु 10 करोड़ रुपए, 51 वार्डों में आवश्यकता अनुसार डामरीकृत सड़क, सीमेंट कांक्रीट रोड, नाली, नाला तथा पेवर ब्लॉक निर्माण हेतु 50 करोड़ रुपए, प्रमुख चौक जिसमें गांधी चौक, जयस्तंभ चौक, नंदई चौक, फरहद चौक, ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा तथा रामदरबार चौक के उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण हेतु 3 करोड़ रुपए, शहर के प्रमुख स्थल रेलवे स्टेशन रोड सौंदर्यीकरण हेतु 1 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।

### ऐतिहासिक मंदिरों का जीर्णोद्धार

ऑडिटोरियम के पीछे एवं पुष्पवाटिका के पीछे योगाहॉल, नीलगिरी पार्क में निर्मित भवन के व्यवस्थित निर्माण हेतु 2 करोड़ रुपए, प्रमुख स्थलों में महात्मा गांधी, बाबा साहेब आम्बेडकर, महंत राजा सर्वेश्वर दास, जिले के निर्माता पं. किशोरीलाल शुक्ल, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कन्हैयालाल अग्रवाल, शहीद वीर नारायण सिंह, राजा रंजित सिंह तथा मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा स्थापना हेतु 3 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।सार्वजनिक एवं पुरातात्विक महत्व के ऐतिहासिक मंदिरों का जीर्णोद्धार करने 1 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।

### पाइप लाइन का विस्तार

शहर के कुछ क्षेत्रों में 3 उच्च स्तरीय जलागार टंकी निर्माण (गोकुल नगर क्षेत्र, नया ढाबा, चिखली से गौरीनगर के बीच) तथा पाईप लाइन का विस्तार एवं 10 एमएलडी का फिल्टर प्लांट निर्माण हेतु 15 करोड़ रुपए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने मोहारा स्थित जल संयंत्र गृह के 3 जल शोधन प्लांट मरम्मत हेतु 4 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।

### बाटलिंग प्लांट भी शामिल

शुद्ध पेयजल (मिनरल वॉटर) का बाटलिंग प्लांट पीपीपी मॉडल से स्थापित करने हेतु 50 लाख रुपए नवीन क्षेत्रों में पाईप लाइन विस्तार, इंटर कनेक्शन, सिन्टैक्स टैंक की स्थापना तथा गंज चौक से कंचनबाग टंकी तक राईजिंग मेन पाईप लाइन 300 एमएम डाया पाईप लाइन विस्तार करने हेतु 6 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।

### कुंआ-तालाबों का संरक्षण

पुराने कुंओं के संरक्षण हेतु 20 लाख रुपए, वॉटर हार्वेस्टिंग लगाने हेतु 1 करोड़ रुपए, प्रमुख तालाबों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण हेतु 1.50 करोड़ रुपए, रानीसागर एवं बूढ़ासागर के सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण हेतु 14 करोड़ रुपए, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण हेतु 50 लाख रुपए, विभिन्न वार्डों में स्थित उद्यानों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण, ओपन जीम, खेलकूद उपक्रम की स्थापना हेतु 3 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।

### हाईटेक प्रयोगशाला, कैफे हाऊस का निर्माण

ठाकुर प्यारेलाल सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला में हाईटेक प्रयोगशाला की स्थापना, वार्ड नं. 39 स्थित शासकीय प्राथमिक शाला अंग्रेजी माध्यम स्कूल तथा स्टेट हाईस्कूल स्थित पूर्व माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं ई-लाइब्रेरी में सुविधा विस्तार हेतु 1 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। शहर के 2 कन्या हाईस्कूल में 50-50 निर्धन छात्राओं की शिक्षा व्यवस्था हेतु 5 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है। शहर के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए बॉक्स-टर्फ क्रिकेट तथा कैफे निर्माण हेतु 50 लाख रुपए तथा खेलकूद आयोजन हेतु 10 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है। निगम द्वारा निर्मित स्वीमिंग पुल के जीर्णोद्धार तथा परिसर में कैफे हाऊस निर्माण हेतु 50 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है।

# द्रोणिका का असर, फिर चढ़ेगा पारा, तीन दिन हीटवेव का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी हवाओं से बदले मौसम में अब फिर बदलाव देखने को मिल रहा है। द्रोणिका के असर से अंचल में फिर गर्मी बढ़ने लगी है। जिले का अधिकतम तापमान जहां 43 डिग्री पर जहां पहुंचा है। वहीं अगले तीन दिनों में इसमें 2 से 3 डिग्री का और इजाफा होने की संभावना जताई गई है। जिसके चलते 24 अप्रैल से अगले तीन दिन हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका-हवा की अनियमित गति मराठवाड़ा से कोमोरिन क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक प्रति चक्रवात अंदरूनी महाराष्ट्र और उससे लगे तेलंगाना तथा उत्तर अंदरूनी कर्नाटक के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 कम ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 23 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। 24 से 26 अप्रैल तक प्रदेश के मध्य भाग में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बनने की संभावना है। बुधवार को अंचल का अधिकतम तापमान 43 डिग्री पर रहा।

# भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका कांग्रेस का पुतला बिल पास नहीं होने को लेकर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर बिल पास नहीं होने पर कांग्रेस को घेरने के लिए भाजपा महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में पुतला दहन का आयोजन किया गया। दिग्विजय महाविद्यालय चौक पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला जलाकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जन-आक्रोश सम्मेलन एवं पुतला दहन का आयोजन किया गया। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय चौक पर महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता काली पट्टी लगाकर एकत्रित हुए। इस दौरान उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का बिल पास नहीं होने देने को लेकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं कांग्रेस का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

### महिलाओं का अधिकार छीनने का आरोप

महिला मोर्चा की अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड और मधु बैद ने कहा कि कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल सदन में पास नहीं होने दिया। कांग्रेस ने नारियों से उनकी समानता का अधिकार छीना है। वहीं भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के समर्थन में यह जन-आक्रोश कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दल ने महिलाओं को उनका अधिकार नहीं मिलने दिया। आने वाले चुनावों में महिलाएं ही उन्हें सबक सिखाएगी।

समता सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आथोर्डोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.डी.सी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
- क्लीयर अलाईनर
- दांत निकालना
- अक्ल दाढ़ निकालना
- फ्रेक्चर जबड़े का ईलाज
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
- बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
- पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
- डिजिटल एक्स-रे
- एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
- डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट
- फेशियल ट्रामा केयर
अपॉईंटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

## सरकार गठन के बाद ढाई साल से रिक्त था पद, शासन ने जारी किया आदेश

**विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा के बाद नियुक्ति**

# पहली बार महिला के जिम्मे राजगामी संपदा न्यास..पूर्णिमा अध्यक्ष, मनोज बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले करीब ढाई साल से रिक्त राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष पद पर राज्य शासन ने अंततः भाजपा नेत्री पूर्णिमा साहू की ताजपोशी कर दी है। 1990 में गठन के बाद से पहली बार राजगामी का जिम्मा किसी महिला नेत्री को दिया गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर भाजपा नेता मनोज निर्वाणी को जिम्मेदारी सौंपी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा इस आशय का आदेश जारी किए जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद से राजगामी संपदा न्यास में अध्यक्ष बनने के लिए भाजपा नेताओं में काफी घमासान की स्थिति निर्मित रही। अध्यक्ष पद की दौड़ में करीब आधा दर्जन नेताओं ने जबर्दस्त लाबिंग कर रखी थी। इस बीच वैष्णव समाज ने भी राजा की संपत्ति पर बने राजगामी संपदा न्यास में प्रतिनिधित्व की मांग की थी। समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर इस आशय की मांग रखी थी। सूत्रों ने बताया कि विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने अध्यक्ष पद पर भाजपा नेत्री पूर्णिमा साहू और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा नेता मनोज निर्वाणी के नाम की अनुशंसा की थी। विस अध्यक्ष की अनुशंसा के बाद राज्य शासन ने बुधवार को एक आदेश जारी कर पूर्णिमा साहू को अध्यक्ष और मनोज निर्वाणी को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।

### भरोसे पर खरा उतरूंगी



पार्टी संगठन ने मुझे एक महती जिम्मेदारी सौंपी है। मैं इस भरोसे पर खरा उतरने की कोशिश करूंगी।

**- पूर्णिमा साहू,** नवनियुक्त अध्यक्ष

### संरक्षण-संवर्धन पर फोकस



राजगामी संपदा न्यास के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में पहल की जाएगी। जिम्मेदारी के लिए सभी वरिष्ठा का आभार।

**- मनोज निर्वाणी,** नवनियुक्त उपाध्यक्ष

**पांचवी अध्यक्ष बनी पूर्णिमा:** पूर्णिमा साहू राजगामी संपदा न्यास की पांचवी अध्यक्ष होगी। इनसे पहले 1999 में तत्कालीन सांसद मोतीलाल वोरा पहली दफा अध्यक्ष बनाए गए थे। इनके बाद 2007 में वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, 2016 में रमेश पटेल और 2019 में विवेक वासनिक को अध्यक्ष बनाया गया था।

### संगठन में सक्रिय नेताओं को जिम्मा

भाजपा ने राजगामी संपदा में जिन नेताओं की ताजपोशी की है, वे पिछले लंबे अरसे से भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा नेत्री पूर्णिमा साहू संगठन के साथ-साथ साहू समाज में भी कई पदों पर जिम्मेदारी संभाल चुकी है। वहीं भाजपा नेता मनोज निर्वाणी की पृष्ठभूमि भी संघ और संगठन से है। यही कारण है कि जमीनी कार्यकर्ताओं को पहली बार यह जिम्मेदारी दी गई है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS),
FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### उल्लास के साथ बच्चों ने रचाया गुड्डा-गुड़िया का ब्याह



**तुमड़ीबोड़।** ग्राम में अक्षय तृतीया धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर हर्षोल्लास के साथ गुड्डा-गुड़िया का विवाह संपन्न किया गया। इस आयोजन में रामनगर के बच्चों, बड़े-बुजुर्गों सहित अन्य ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में बच्चों ने गुड्डा-गुड़िया को दूल्हा-दुल्हन के रूप में सजाया तथा विधि-विधान के साथ विवाह की रस्में निभाई। ढोल-नगाड़ों और गीत-संगीत के बीच पूरा माहौल उत्सवमय रहा। आसपास के लोगों को आमंत्रित कर पारंपरिक न्यौता भोज का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### प्रशिक्षण शिविर 30 से रामाटोला में

**पटेवा।** जिला ग्राम भारती राजनांदगांव के तत्वावधान में दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग शिविर का आयोजन आगामी 30 अप्रैल से 11 मई तक सरस्वती शिशु मंदिर रामाटोला में किया गया है। प्रशिक्षण वर्ग शिविर में लगभग 100 नवीन आचार्य शामिल होंगे। इस दौरान प्रशिक्षित अनुभवी आचार्य द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला ग्राम भारती सचिव तिलक सिन्हा, जिला समन्वयक पुनमचंद साहू ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील नवीन आचार्यों से की है।

### गौरैया के संरक्षण पर जोर



**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया । प्राचार्य डॉ गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गौरैया के महत्व और उनकी संख्या में हो रही कमी के बारे में जागरूकता फैलाना है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन ने कहा गौरैया की संख्या में कमी के पीछे अनेक कारण है शहरीकरण और पौधों की कटाई के कारण पक्षी घोषला नहीं बना पा रहे हैं वहीं मोबाइल टावरों से निकलने वाली रेडिएशन की वजह से भी गौरैया की संख्या में गिरावट आ रही है। संचालन वासु दुबे और आभार प्रदर्शन अंजली रामटेक्कर ने किया।

### उपवन और गायत्री आश्रम का लिया जायजा



**डोंगरगांव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज से प्रवास पर आए सुकदेव निर्मलकर, परमेश्वर साहू एवं जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा ने गत दिनों चांदो पहुंचकर श्रीराम स्मृति उपवन गायत्री आश्रम का अवलोकन किया। प्रतिनिधियों के पहुंचने पर बालकृष्ण सिन्हा, होरीलाल साहू, गीताराम साहू, नीलम माली, सुरेश पटेल आदि ने अतिथियों का स्वागत वंदन किया। आश्रम के निर्माण प्रभारी ने 5 एकड़ में फैले हुए उपवन का भ्रमण कराया गया। उपपन में नक्षत्र वाटिका, ग्रह वाटिका, पुष्प वाटिका, फलदार एवं पुष्पदार पौधों की जानकारी देते हुए निर्माणाधीन शिव मंदिर, हनुमान मंदिर एवं गायत्री मंदिर का भ्रमण कराया गया। व्यवस्थापक होरी लाल साहू ने बताया कि आगामी बसंत पंचमी को उपवन के लोकार्पण का लक्ष्य निर्धारित कर निर्माण कार्यों को द्रुत गति से किया जा रहा है।

### सरपंच शरद वैष्णव बने भाजयुमो अध्यक्ष



**डोंगरगांव।** एक लंबे समय बाद ग्रामीण नेतृत्व को मौका देते हुए मंडल भाजयुमो के अध्यक्ष पद पर ग्राम पंचायत कोहका के सरपंच शरद वैष्णव को नियुक्त किया गया है। हाल ही में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणसिंह देव की अनुमति और प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से भाजयुमो के पदाधिकारियों की घोषणा जिला भाजयुमो अध्यक्ष चिंटू सोनकर ने की है। मंडल भाजयुमो के अध्यक्ष पद पर निकटवर्ती ग्राम पंचायत कोहका के युवा सरपंच शरद वैष्णव को नियुक्त किया गया है। वहीं महामंत्री के पद पर शहर के गौरव यदु और नवनीत अहीर की नियुक्ति की गई है। जिला भाजयुमो की कार्यकारिणी में दिव्यांश जैन को शामिल करते हुए सह कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। वहीं अर्जुनी मंडल में पहले अध्यक्ष बनने का गौरव भावेश निक्की को मिला है। यहां महामंत्री के पद पर गजेंद्र कुमार और यतीश सिन्हा की नियुक्ति की गई है। इसी प्रकार तुमडीबोड मंडल में तिमेश साहू को अध्यक्ष, सुदीप चंद्रवंशी तथा शत्रुघ्न वर्मा को महामंत्री बनाया गया है।

### जीवनदायिनी पृथ्वी को बचाना सबका दायित्व



**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में बुधवार को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में वसुंधरा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं पृथ्वी के प्रति जिम्मेदारी को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। तत्पश्चात प्राचार्य ने उद्बोधन में कहा कि पृथ्वी हमारी जीवनदायिनी है जिसके संरक्षण के बिना मानव जीवन की कल्पना असंभव है। हमें जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। इस दौरान बीए चतुर्थ एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने मीमे एक्ट का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ संजू सिंह थी। इस मौके पर अतिथि व्याख्याता डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, कंचन साहू, चांदनी पराते, हिमानी साहू, योगिता ठाकुर, संध्या गावरे, ओमप्रकाश सहारे, ज्ञानेश्वर देवांगन, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू , क्रीड़ा अधिकारी मनोज प्रधान उपस्थित थे। संचालन एवं समापन शुभी जैन ने किया।

# सोमवार को खुलेगी क्षेत्र की रहस्यमय मंड़ीपखोल गुफा

## शिव दर्शन के लिए उमड़ेगा लोगों का सैलाब

दामोदर वैष्णव ⏭ सड़क अतरिया

साल भर से इंतजार कर रहे लोगों को आगामी सोमवार को मंड़ीपखोल गुफा देखने और घुमने का मौका मिलेगा। रविवार सोमवार को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया गया जिसके ठीक छह दिन बाद सोमवार को लोग ऐतिहासिक मंड़ीपखोल गुफा का एक बार फिर दर्शन कर पायेंगे। लोगों को साल भर से इस दिन का इंतजार रहता है क्योंकि यह गुफा साल में केवल एक दिन अक्षय तृतीया पर्व के बाद आने वाले सोमवार को खुलती है। इस बार भी यहां आने वाले लोगों की सहायता के लिए समिति गठित की गई है जो भीड़ को व्यवस्थित एवं सुविधा मुहैया कराने का प्रयास करेगी। समिति द्वारा मार्ग की पहचान, समतलीकरण, पेयजल एवं गुफा के आसपास सफाई कर अन्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

गौरतलब है कि मंड़ीपखोल गुफा छुईखदान ब्लाक मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ग्राम पंचायत ठाकुरटोला के बाद जंगल रास्ते से यहां पहुंचा जाता है। आगामी सोमवार को खुलने वाली मंड़ीपखोल गुफा में उमड़ने वाली भीड़ को व्यवस्थित एवं सुविधा मुहैया कराने प्रशासन की तैयारी शुरु हो गई है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विभिन्न विभाग को सुविधा एवं सुरक्षा का दायित्व सौंपा है। यहां आने वाले लोगों के लिए पहुंच मार्ग की पहचान, पेयजल, प्रकाश, चिकित्सा, सुरक्षा आदि सुविधा मुहैय्या कराने निर्देशित किया गया है।

### विकास की दरकार

मंड़ीप खोल गुफा जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल एवं प्राचीन धरोहर है। जहां इतिहास और पुरातत्व का गहरा रहस्य छुपा हुआ है। यहां पहुंचने के लिए स्थाई मार्ग नहीं है। जंगल का सफर भी चुनौती पूर्ण होता है। गुफा के समीप मूलभूत सुविधाओं की भी दरकार रहती है।




### नदी पहुंचाती है मंजिल तक

मंड़ीपखोल गुफा पहुंचने के लिए स्थाई मार्ग नहीं बना है। जंगल के उबड़- खाबड़ रास्तों से होकर यहां तक पहुंचा जाता है। यहां तक पहुंचने के लिए एक नदी के किनारे किनारे पहुंचना पड़ता है। दिलचस्प बात यह है कि लोगों को एक ही नदी को अलग अलग जगहों पर लगभग सोलह बार पार करना पड़ता है।

### प्राचीन शिवलिंग के दर्शन

परंपरा अनुसार सर्वप्रथम राज परिवार के सदस्य कुल देवी को स्मरण कर गुफा का द्वार खोलते है। इसके बाद गुफा के अंदर स्थित शिवलिंग की पूजा अर्चना की जाती है। कहा जाता है कि यह एशिया की सबसे लंबी गुफा है। पुरातात्विक सर्वे में भी इसकी लंबाई ज्ञात नहीं हो सकी है। गुफा की लंबाई काफी अधिक होने के कारण लोग टार्च, मोबाईल की रौशनी के सहारे कुछ दूरी तक जाने के बाद लौट आते हैं। गुफा के अंदर काफी अंधेरा रहता है। अंदर का रास्ता चढ़ाव, उतार वाला होने के साथ काफी सकरा है। लोग वैकल्पिक रौशनी के सहारे गुफा का भ्रमण करते हैं। गुफा के अंदर रौशनी पड़ने पर चट्टान के पत्थर टिमटिमाने लगते हैं।

## पसंद की मदिरा न मिलने से लोगों में निराशा

# सरकारी दुकान में देशी विदेशी शराब की किल्लत

## कमी का फायदा उठा रहे कोचिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शासकीय शराब दुकान में इन दिनों शराब की किल्लत देखी जा रही है। पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से देशी शराब का स्टॉक उपलब्ध नहीं है। वहीं विदेशी शराब की 40 से अधिक ब्रांड्स में से महज आधा दर्जन ब्रांड ही काउंटर पर उपलब्ध हैं। शराब की किल्लत से प्रशासन को प्रतिदिन लाखों का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

स्थानीय मदिरा प्रेमियों का कहना है कि पसंदीदा ब्रांड न मिलने के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मजबूरन लोग पैलीमेटा, छुईखदान और लोहारा जैसी दूर स्थित शराब दुकानों की ओर रुख कर रहे हैं जिससे न केवल समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि अतिरिक्त ईंधन और पैसे का बोझ भी बढ़ गया है। जो दूर नहीं जा पा रहे, वह उपलब्ध अनचाहे ब्रांड्स को खरीदने मजबूर हैं।



### जल्द होगी पर्याप्त आपूर्ति

आबकारी निरीक्षक प्रभाकर सिरमौर ने बताया कि पूरे राज्य में शराब की किल्लत है। शराब के पैकिंग में बदलाव किया जा रहा है। जल्द ही आपूर्ति सामान्य होने की संभावना है।

### अवैध बिक्री में तेजी

शराब दुकान में स्टॉक की कमी का सीधा फायदा अवैध शराब बिक्रेताओं को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि कोचिया अन्य क्षेत्रों की दुकानों से शराब लाकर गंडई और आसपास के क्षेत्रों में से ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। शासन की ढुलमुल व्यवस्था ने कोचियों की चांदी कर दी है।

## हरकत में आया प्रशासन

# चौराहे पर लगाया बैरिकेड्स



■ हरिभूमि का खबर ने दिखाया असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

हरिभूमि में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए पुलिस प्रशासन ने हादसों पर अंकुश लगाने की पहल की है। गत 20 अप्रैल को अनियंत्रित रफ्तार से चौराहा बना हादसों का ब्लैक स्पॉट, खतरे में लोगों का जीवन शीर्षक से खबर प्रकाशन के बाद 24 घंटे के भीतर ही पुलिस प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए चौराहे के दोनों ओर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर दिए हैं।

पुलिस प्रशासन ने चौराहे के दोनों तरफ लगभग 100 मीटर की दूरी पर बेरिकेट्स लगा दिए हैं। इन बेरिकेट्स के लगने से इस मार्ग पर सरपट दौड़ रहे वाहनों की रफ्तार पर लगाम लगी है। भारी वाहनों और तेज रफ्तार दुपहिया वाहनों की गति काफी हद तक नियंत्रित हो गई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कम हो गया है।

### यह थी समस्या

गौरतलब है कि बीते सोमवार को हरिभूमि ने उजागर किया था कि किस तरह गंडई से जिला मुख्यालय खैरागढ़ को जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित चौराहे पर चखना दुकानों की भीड़ और अनियंत्रित वाहनों के कारण लोगों का जीवन खतरे में था। गति नियंत्रण का साधन न होने से यह स्थान ब्लैक स्पॉट में तब्दील हो गया था।

# मुरुम के अवैध खनन की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत कलकसा, देवकटटा, कन्हारगांव सहित संडीडीह क्षेत्र में अवैध उत्खनन का मामला सामने आया है। तीसरी लाईन के ठेकेदार द्वारा नागतराई लाईन के पास से मुसरा और बोरतलाव मार्ग के परियाजोब तक मुरूम का खनन कराकर उपयोग किया जा रहा है। खनिज विभाग की अनदेखी के कारण बड़े पैमाने पर मुरूम का खनन किया जा चुका है। अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार आदि को जानकारी होने के बाद भी मुरूम का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। ठेकेदार राजनीतिक संरक्षण एवं अधिकारियों से सांठगांठ कर चूना लगा रहा है। सतपाल यादव ने अवैध उत्खनन की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।



# भाजयुमो में नई नियुक्तियों से खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर भाजयुमो में नई नियुक्तियां की गई है। आकाश राजपूत को शहर अध्यक्ष एवं झूलेंद्र वर्मा को ग्रामीण अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं महामंत्री पद पर हिमांशु सेन और महेंद्र त्रिपाठी की नियुक्ति की गई है। जिला शासकीय योजना स्वाध्याय मंडल में सोमांशु गजेन्द्र की नियुक्ति हुई है। इन नियुक्तियों के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आकाश राजपूत लंबे समय से शहर की राजनीति में सक्रिय हैं। वह युवाओं के बीच अपनी सक्रिय कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में झूलेंद्र वर्मा को अध्यक्ष बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। झूलेंद्र वर्मा भी लंबे समय से भाजपा के प्रति समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व अध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा ने बधाई दी है।



### सोशल मीडिया प्रभारी बने

भाजयुमो में अलंकृत शर्मा को जिला सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। श्री शर्मा भी लंबे समय से भाजपा से जुड़े है। सन 2015 में पहली बार छात्र राजनीति से शुरुवात करते हुए उन्होंने राजनीति में कदम रखा। उन्होनें छात्रसंघ चुनाव प्रभारी के रूप स्वामी विवेकानंद टेक्निल यूनिवर्सिटी भिलाई, समर्ग ब्राह्मण समाज प्रदेश सदस्य के रूप जिम्मेदारी को निभाया है।

### प्रदेश उपाध्यक्ष से मुलाकात

शहर भाजयुमो अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत, महामंत्री हिमांशु सेन, शुभम अग्रवाल, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष जयंत साहू, सोशल मीडिया प्रभारी अलंकृत शर्मा, जिला कन्या शक्ति संयोजिका शिवांगी साखरे और शासकीय योजना स्वाध्याय मंडल सोमांशु गजेंद्र और ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष झूलेंद्र वर्मा, महामंत्री महेंद्र त्रिपाठी ,हितेश्वर वर्मा ने मंगलवार को मां बमलेश्वरी का दर्शन किया। सभी ने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा, जसमीत सिंह बन्नोआना, लक्ष्मी यादव, कैलाश सोनवानी, वीरेंद्र सोनी, रेखा राघवते, बबिता मलागार, शारदा यादव, राजेश कंडरा, अमन ब्रिज नामदेव, अनिता इंदुरकर, नम्रता चौबे आदि उपस्थित थे।

### किसान मोर्चा ने किया पदाधिकारियों का सम्मान

शहर भाजपा किसान मोर्चा ने नवनियुक्त जिला महिला मोर्चा मंत्री, शहर महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं शहर भाजयुमो अध्यक्ष का अभिनंदन किया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। इस दौरान शहर मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष रामकुमार डड़सेना, अजय शर्मा, अजय दुबे, मंजीत ठाकुर, गिरेन्द्र साहू, सतीश यादव, शेखर विश्वकर्मा, रामस्वरूप पटेल, योगेश सिन्हा, श्याम आसरे ठाकुर, पुष्प यादव, युवराज टेलकर, नरेंद्र लाऊत्रे, गौरव विजयवार, दिलीप सिन्हा, सिद्धार्थ नामदेव, लाला बहेकर, कमलेश सिन्हा, लक्ष्मण पांडेय, मुकेश शर्मा, शिवम पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

# फूड पार्क के मजदूरों ने किया काम बंद

**खुज्जी।** केन्द्र सरकार की मेगा फूड पार्क योजना के तहत निकटवर्ती ग्राम पांगरी खुर्द में लगभग 55 एकड़ जमीन पर फूड पार्क निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में संयंत्र का निर्माण जारी है। यहां पॉप कॉर्न निर्माण के लिए बड़ी मात्रा में मक्का खरीदा जा रहा है। मक्का को अनलोड करने के लिए हमाल एवं उसे छिल कर सुखाने के लिए लगभग आठ सौ महिला पुरूष काम कर रहे हैं। बुधवार को सारे मजदूर मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। उनका कहना है कि सुबह 6 से शाम 6 बजे तक काम कराया जाता जाता और मजदूरी के रूप में पुरुषों को 400 और महिलाओं को 300 रूपए दिया जाता है। उन्होंने मजदूरी बढ़ाने, प्रसाधन सुविधा, धूप से बचने के लिए छांव की व्यवस्था, ओवर टाईम का भी पैसा देने की मांग की है। मजदूर काम बंद कर दो घंटे तक धूप में बैठे रहे। कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी, जनपद सीईओ होरी लाल साहू, जनपद सदस्य अंजली राम गुलाल धावड़े आदि के आश्वासन बाद मजदूर काम पर लौट गए।



# ट्रांसफार्मर लगने के बाद भी राहत नहीं

**खड़गांव।** क्षेत्र में लो-वोल्टेज और बिजली गुल होने की समस्या को देखे हुए हाल में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है जो शो पीस साबित हो रहा है और समस्या ज्यों के त्यों बनी हुई है। गर्मी शुरू होने के साथ बिजली गुल होना और लो-वोल्टेज की समस्या बढ़ते जा रही है। बार बार बिजली गुल होने से आमजनों में आक्रोश बढ़ रहा है जिससे आगामी दिनों आंदोलन होने की संभावना बन रही है। व्यापारी संघ के तोमन साहू, भीखम रावटे ने बताया कि दिन में चार पांच बार बिजली गुल हो जाती है। वोल्टेज भी कम होने से पंखा, कुलर, फ्रिज जैसे उपकरण काम नहीं कर रहे है। निर्भय साहू ने बताया कि लो वोल्टेज के कारण बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। पंखा कूलर की स्पीड कम रहती है। मनीष, सूर्यवंशी और सागर ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा हमेशा दावा किया जाता है कि भरपूर बिजली की सप्लाई की जा रही है किन्तु जब बिजली मिस्त्री द्वारा वोल्टेज चेक किया जाता है तो पता चलता है कि वोल्टेज सामान्य से कम है।



## खबर संक्षेप

### टीचर्स एसोसिएशन आज सौंपेगा ज्ञापन

**कवर्धा।** टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि 23 अप्रैल को अपरान्ह 4:30 बजे कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक तथा जनगणना कार्य एवं नागरिक पंजीकरण छत्तीसगढ़ के निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्तर पर पांच जिलों में हुबहू प्रश्न-पत्र की उच्च स्तरीय जांच तथा जनगणना कार्य से संबंधित मुद्दे शामिल रहेगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षकों से 23 अप्रैल को अपरान्ह 4.30 बजे कलेक्टोरेट कवर्धा में उपस्थिति का आव्हान किया है।

### जिले में ग्राम सभा का आयोजन कल

**कवर्धा।** पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा-6 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले में उक्त तिथि को ग्राम सभा आयोजन की अनुमति प्रदान की है।

### प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटल सर्वे शुरू

**कवर्धा।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत संचालित ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण योजना के तहत जिले में प्राचीन पांडुलिपियों के सर्वेक्षण एवं दस्तावेजीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दुर्लभ हस्तलिखित ग्रंथों और ऐतिहासिक दस्तावेजों को केवल खोज तक सीमित न रखकर उन्हें व्यवस्थित रूप से डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन के रूप में सुरक्षित करना है। यह अभियान 15 जून तक चलेगा। यह सर्वे ज्ञान भारतम् मोबाइल एप के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक पांडुलिपि का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा सके। विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि सर्वे में प्राप्त हर पांडुलिपि को केवल सूचीबद्ध ही नहीं किया जाए, बल्कि उसे विस्तृत दस्तावेज के रूप में संरक्षित किया जाए। जिसमें उसकी स्थिति, भाषा, विषय, कालखंड और महत्व जैसी जानकारियां शामिल हों। सर्वे के दौरान स्कूलों, कॉलेजों, पुस्तकालयों, मंदिरों, आश्रमों, गुरुकुलों तथा निजी संग्रहकर्ताओं से संपर्क कर दुर्लभ पांडुलिपियों का चिन्हांकन और सूचीकरण किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उनके पास किसी प्रकार की प्राचीन पांडुलिपि या दस्तावेज उपलब्ध हों, तो वे इस सर्वेक्षण में सहयोग करें। ग्रामीण क्षेत्रों अपने पंचायत के सचिव और शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों में संपर्क कर जानकारी दी जा सकती है। इस सर्वे में स्वयं से भी भाग लिया जा सकता है। इसके लिए प्ले स्टोर से ज्ञान भारतम एप्प डाउनलोड कर पाण्डुलिपि को डिजीटली अपलोड किया जा सकता है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में बढ़ा एचपीवी टीकाकरण का ग्राफ

**पिपरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 6 अप्रैल से शुरू किया गया था एचपीवी टीकाकरण अभियान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में बालिकाओं को गर्भाशय में होने वाली बीमारियों से सुरक्षित करने के लिए 6 अप्रैल से शुरू हुआ एचपीवी टीकाकरण अभियान अब गति पकड़ रहा है।

शुरुआती दिनों में टीकाकरण केंद्रों पर बालिकाओं की संख्या कम देखी गई थी, लेकिन निरंतर जागरूकता प्रयासों के बाद अब बड़ी संख्या में अभिभावक अपनी बेटियों को वैक्सीन लगवाने के लिए आगे आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने आम जनमानस से अपील की है कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैल रही वैक्सीन के दुष्प्रभावों संबंधी अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और भविष्य में होने वाले जानलेवा कैंसर से सुरक्षा प्रदान करती है।

बढ़ती जागरूकता क्षेत्र के लोग अब वैक्सीन के महत्व को समझ रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप टीकाकरण के आंकड़ों में उत्साहजनक वृद्धि हुई है। आज 22 अप्रैल को कुल 8 बालिकाओं ने टीका लगवाया। विशेषज्ञों की राय डॉक्टरों के अनुसार, मामूली बुखार या इंजेक्शन वाली जगह पर हल्का दर्द सामान्य है, जो किसी भी वैक्सीन के साथ हो सकता है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है।




**स्वास्थ्य विभाग ने की अपील**

सीएससी पिपरिया ने सभी माता-पिता से आग्रह करता है कि वे अपनी पात्र बेटियों (टीकाकरण के समय 14वर्ष पूरा कर चुके हो और 15 वर्ष पूरा ना हुआ हो) का टीकाकरण कराकर उन्हें एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य का उपहार दें। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चन्द्रवंशी ने कहा कि हमारा लक्ष्य क्षेत्र की हर बालिका को इस सुरक्षा चक्र से जोड़ना है। लोग जागरूक हो रहे हैं, यह खुशी की बात है। मेरी अपील है कि किसी भी सुनी-सुनाई बात पर भरोसा न करें और सीधे स्वास्थ्य केंद्र आकर जानकारी लें। आपकी एक पहल आपकी बेटी को भविष्य में गर्भाशय में होने वाली गंभीरता से बीमारी से बचा सकती है।

## असंतोष : बोड़ला नपं अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

# अध्यक्ष के खिलाफ 23 सदस्यों ने खोला मोर्चा, मची खलबली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बोड़ला जनपद पंचायत में राजनीतिक समीकरण अचानक बदलते नजर आ रहे हैं। जनपद के अधिकांश निर्वाचित सदस्यों ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया है, जिससे क्षेत्र की सियासत में हलचल तेज हो गई है।

25 सदस्यीय जनपद पंचायत में अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा और उपाध्यक्ष नंद श्रीवास को छोड़कर शेष 23 सदस्यों ने नियमानुसार हस्ताक्षर कर प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। इतने बड़े स्तर पर एकजुटता से यह स्पष्ट हो गया है कि असंतोष अब व्यक्तिगत नहीं बल्कि व्यापक रूप ले चुका है। सूत्रों के मुताबिक, सदस्यों ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की कार्यशैली, निर्णय लेने की प्रक्रिया तथा जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय की कमी को लेकर नाराजगी जताई है।

यही कारण है कि लगभग पूरे जनपद के सदस्य एक साथ सामने आए हैं। यह मामला इसलिए भी अहम हो गया है क्योंकि बोड़ला विकासखंड प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह व पंचायत मंत्री विजय शर्मा का निर्वाचन क्षेत्र है। ऐसे में जनपद पंचायत के भीतर उभरा यह विवाद राजनीतिक रूप से भी संवेदनशील माना जा रहा है और इसके दूरगामी असर की चर्चा शुरू हो गई है।




**संगठन की स्थिति पर उठाए जा रहे सवाल**

वहीं, इसी क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी का जुड़ाव होने के कारण संगठन की स्थिति पर भी सवाल उठने लगे हैं। इतने बड़े स्तर पर जनप्रतिनिधियों का असंतोष संगठनात्मक समन्वय के लिए चुनौती बन सकता है। नियमों के तहत अब प्रशासन द्वारा विशेष बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें मतदान के जरिए अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय होगा। प्रस्ताव पारित होने की स्थिति में जनपद पंचायत के नेतृत्व में बड़ा बदलाव तय माना जा रहा है। फिलहाल बोड़ला की सियासत में यह घटनाक्रम संकेत दे रहा है कि शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ असंतोष अब खुलकर सामने आ चुका है और आने वाले दिनों में इसके राजनीतिक मायने और गहरे हो सकते हैं।

# विद्युत कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने की मारपीट



- कर्मचारियों ने कोतवाली में दर्ज कराई शिकायत, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आग उगलती इस भीषण गर्मी के दौर में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था अब उपभोक्ताओं का माथा ठनका रही है और वे विद्युत विभाग से जुड़े कर्मचारियों से मारपीट करने उतारू नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बीते मंगलवार की रात कवर्धा कोतवाली के ग्राम घुघरी कला से सामने आया है जहां कुछ ग्रामीणों ने मिलकर लाईन मैन तथा विद्युत कर्मचारियों के साथ न सिर्फ गाली गलौच की है बल्कि मारपीट भी की है।

इस घटना के बाद विभाग के आक्रोशित कर्मचारियों ने आरोपी ग्रामीणों की शिकायत कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की है साथ ही कार्यवाही नहीं होने पर उग्र आंदोलन कराए जाने की चेतावनी दी है। इतना ही नहीं जानकारी मिली है कि आक्रोशित विभागीय कर्मचारियों ने घुघरीकला की विद्युत लाईन भी काट दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार की रात कवर्धा विद्युत वितरण केन्द्र अंतर्गत पदस्थ कर्मचारी शेख इशराफील मोहम्मद लाईन सहायक श्रेणी 2, हन्नू निर्मलकर संविदाकर्मी, नरेन्द्र कोसरिया एवं रतन मरकाम 11 केव्ही ब्रेकडाऊन को अटेंड करने घुघरी कला गए थे। इन कर्मचारियों द्वारा कवर्धा कोतवाली में सौंपे गए आवेदन कि मुताबिक इसी दौरान रोहित नाथ योगी, वंटी राजपूत, आर्दश नाथ योगी सहित सात-आठ ग्रामीण कार्य स्थल पर आ धमके और विद्युत कर्मियों के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद आक्रोशित कर्मचारियों ने मामले की नामजद लिखित शिकायत कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई गई।

इस घटना के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारियों में भारी आक्रोश देखा जा जा रहा है और उन्होने चेतावनी दी है कि आरोपियों के विरूद्ध अगर जल्द ही कार्यवाही नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करने बाद्ध होंगे।

## बैरख हाई स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस, प्राकृतिक संरक्षण की ली शपथ




**बोड़ला।** वनांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय हाई स्कूल बैरख में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के तहत अशोक के तीन पौधे रोपे गए तथा उन्हें संरक्षित और विकसित करने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने विश्व पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी शुरुआत वर्ष 1970 में हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य पृथ्वी की देखभाल के महत्व को समझाना तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को याद दिलाने का एक वैश्विक अभियान है। इस अवसर पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणजनों ने पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बैरख की सरपंच सुधारी मसराम सहित रजउ मरकाम, सुखीराम धुर्वे, सुनाऊं मसराम एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया, जिसे सभी ने सराहा।

# पहलगाम घटना की बरसी पर खामोशी नेताओं की संवेदना पर उठे सवाल

- साल भर में ही भुला दी गई पहलगांव की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पिछले वर्ष 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुई दर्दनाक घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। उस समय जिले के राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की थी और मीडिया में लगातार बयानबाजी भी हुई थी। लेकिन घटना की पहली बरसी पर वही सक्रियता और संवेदनशीलता अब कहीं नजर नहीं आ रही है। एक साल पहले जिस घटना को लेकर राजनीतिक बयानबाजी चरम पर थी, आज उसी मुद्दे पर जिले के अधिकांश जनप्रतिनिधि और दल चुप्पी साधे हुए हैं। न तो किसी प्रकार का स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया और न ही पीड़ितों के प्रति सार्वजनिक रूप से संवेदना व्यक्त की गई। स्थानीय स्तर पर यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या नेताओं की संवेदनाएं केवल तत्कालीन प्रतिक्रिया और सुर्खियों तक ही सीमित रह जाती हैं।


फाईल फोटो

सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस तरह की घटनाओं को समय-समय पर याद करना और उनसे सीख लेना जरूरी होता है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। जनता के बीच यह चर्चा भी है कि राजनीतिक दल अक्सर बड़े घटनाक्रमों पर त्वरित प्रतिक्रिया देकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं, लेकिन समय बीतने के साथ उनकी प्रतिबद्धता कमजोर पड़ जाती है। पहलगांव घटना की बरसी पर छाई यह खामोशी न केवल राजनीतिक संवेदनशीलता पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि गंभीर मुद्दों पर निरंतरता बनाए रखना आज भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

## कवर्धा ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**कवर्धा।** ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के आह्वान पर प्रदेश भर में विभिन्न जिलों में चार प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इसी क्रम में कबीरधाम जिले में जिलाध्यक्ष डॉ. बालाराम साहू के मार्गदर्शन में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में राष्ट्रीय जनगणना, बैकलॉग नियुक्ति, महिला आरक्षण तथा लंबित ओबीसी आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया गया। ज्ञापन में बताया गया कि प्रस्तावित राष्ट्रीय जनगणना 2027 के प्रपत्र के कॉलम नंबर 13 में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कोड निर्धारित नहीं किए जाने से समुदाय में असंतोष है। महासभा ने मांग की है कि ओबीसी वर्ग की पारदर्शी गणना सुनिश्चित करने के लिए अलग कोड निर्धारित किया जाए। महिला आरक्षण के संदर्भ में संगठन ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान सराहनीय है, लेकिन इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए पृथक आरक्षण का प्रावधान नहीं है। महासभा ने ओबीसी महिलाओं के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकारों में ओबीसी वर्ग के आरक्षित बैकलॉग पदों को शीघ्र भरने की मांग की गई है। महासभा का कहना है कि कई विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में वर्षों से हजारों पद रिक्त पड़े हैं, जो संविधान की भावना के विपरीत है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि छत्तीसगढ़ में पिछले 33 वर्षों से लंबित ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल लागू किया जाए तथा उच्च पदों पर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। महासभा ने यह भी कहा कि देश में ओबीसी वर्ग की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, शिक्षा, रोजगार और प्रतिनिधित्व से संबंधित प्रमाणिक आंकड़ों का अभाव है। जातिगत जनगणना के बिना न तो सामाजिक न्याय संभव है और न ही नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सचिव आनंद साहू, उपाध्यक्ष जीवन कौशिक, भुनेश्वर गढ़वाल, महामंत्री हरीश साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कोचिंग एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे अभ्यर्थियों से एसपी ने की मुलाकात

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर अभ्यास जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद एकेडमी में आज पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) द्वारा पहुंचकर एसआई, पुलिस, आर्मी, सीआरपीएफ सहित विभिन्न सुरक्षा बलों में भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं से मुलाकात की गई। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी तैयारियों का गहन अवलोकन किया।

पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने अभ्यर्थियों से संवाद करते हुए उनके फिजिकल प्रशिक्षण, लिखित परीक्षा की तैयारी एवं अन्य आवश्यक पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने युवाओं को अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं आत्मविश्वास बनाए रखने की प्रेरणा देते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए नियमितता और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है।



उल्लेखनीय है कि अब तक लगभग 1100 युवा सेना एवं पुलिस में चयनित होकर देश सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं, जो इस पहल की प्रभावशीलता को दर्शाता है। उन्होंने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक अभ्यर्थी को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए तथा उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप मार्गदर्शन सुनिश्चित किया जाए, जिससे वे निर्धारित सभी मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा कर सकें।

**बेहतर संचालन के लिए नोडल नियुक्त**

एकेडमी की सतत निगरानी एवं बेहतर संचालन के लिए डीएसपी कृष्णा चंद्राकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि कबीरधाम जिले के युवाओं में अपार क्षमता निहित है और उचित दिशा में परिश्रम करने पर वे निश्चित रूप से पुलिस, सेना एवं अन्य सुरक्षा बलों में चयन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कबीरधाम पुलिस का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना एवं उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित करना है। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं को निरंतर अभ्यास, सकारात्मक सोच एवं कड़ी मेहनत को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी, साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक जानकारी से दूर रहकर केवल अधिकृत स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। अंत में उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम पुलिस द्वारा स्वामी विवेकानंद एकेडमी के माध्यम से जिले के युवाओं को निःशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु कोचिंग प्रदान की जा रही है, जिसका उद्देश्य युवाओं को सुरक्षा बलों में भर्ती हेतु सक्षम बनाना है।

# गर्मी में बिजली और जलापूर्ति को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम काज की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कार्यपालन अभियंता पीएचई से कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण इलाकों में हैंड पंप के रख रखाव और मरम्मत पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। जहां से शिकायत आती है तत्काल सुधार किया जाए।



लोगों को पेयजल के लिए परेशानी न हो। उन्होंने नगरीय निकायों में भी जलापूर्ति को लेकर विशेष सतर्कता के साथ काम करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार विद्युत आपूर्ति को लेकर कलेक्टर ने कहा कि गर्मियों में बिजली की खपत और लोड बढ़ता है। जिससे कई बार आपूर्ति प्रभावित होती है। इसे देखते हुए विभाग पूरे अलर्ट मोड में काम करे। ताकि कहीं सप्लाई प्रभावित होती है तो यथाशीघ्र आपूर्ति बहाल की जा सके। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के काम काज की समीक्षा करते हुए आयुष्मान भारत के तहत शेष लक्ष्य की जल्द पूर्ति के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने सुशासन तिहार के लिए शासन के द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार जिले में आवेदनों की प्राप्ति और शिविरों के आयोजन के निर्देश दिए। इस संबंध में गांवों मुनादी कराने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने आवास निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, पीएम जनमन योजना के तहत चले रहे कार्यों की प्रगति के साथ ही जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों के बारे में अद्यतन जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्माण एजेंसीज निर्माण कार्यों को पूरी तेजी से पूर्ण करने के लिए कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर विनय पोयाम, नरेन्द्र पैकरा, एसडीएम सागर सिंह राज, श्रीमती शिल्पा देवांगन सहित जिला स्तरीय अधिकारियों उपस्थित थे।

## सार समाचार

### प्रशांत बने समिति के चेयरमैन



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल सदस्यों के निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात स्टेट बार काउंसिल के विभिन्न समितियों का गठन विगत दिनों उच्च न्यायालय बिलासपुर परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें राजनांदगांव के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद में लगातार निर्वाचित होने वाले अधिवक्ता प्रशांत प्रभात तिवारी राज्य अधिवक्ता परिषद के अनुशासन समिति एवं नियम निर्माण समिति के चेयरमैन के रूप में चुने गए हैं। न्याय मार्ग में अनुशासन एवं नियम का बहुत अधिक महत्व होता है और इन दोनों महत्वपूर्ण समितियों में श्री तिवारी की चेयरमैन के रूप में नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उच्च न्यायालय बिलासपुर के वरिष्ठ अधिवक्ताओं में ख्याति प्राप्त अधिवक्ता स्व. प्रभात तिवारी के ज्येष्ठ सुपुत्र प्रशांत तिवारी अपने सिद्धांतों और स्पष्टवादीता के लिए खासे चर्चित हैं। हाल में संपन्न चुनाव में वे स्पष्ट बहुमत के साथ निर्वाचित होकर अनुशासन एवं नियम निर्माण समिति के चेयरमैन नियुक्त होने के साथ-साथ छग राज्य अधिवक्ता परिषद में भवन निर्माण समिति एवं अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए गठित अधिवक्ता कल्याण समिति के भी सदस्य नियुक्त किए गए हैं। उनकी नियुक्ति से जिला अधिवक्ता संघ राजनांदगांव, खैरागढ़, डोंगरगढ़, चौकी सहित प्रदेश के अधिवक्तागण, इष्ट मित्र, शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### मरीजों की सुविधा के लिए लगाए गए टावर एसी

**राजनांदगांव।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव में 19 अप्रैल से चिलर प्लांट में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण अस्पताल में मरीजों को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन के सहयोग से मरीजों की सुविधा हेतु एनआईसीयू, आईसीयू एवं ब्लड बैंक में अस्थायी रूप से टावर एसी की व्यवस्था की गई है, ताकि उपचार कार्य प्रभावित न हो। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि चिलर प्लांट की खराबी से अब तक किसी प्रकार की हानि नहीं हुई है और ऐसी कोई संभावना भी नहीं है। तकनीकी समस्या के निराकरण के लिए लोक निर्माण विभाग तथा डैकिन कंपनी के कर्मचारी लगातार कार्य कर रहे हैं। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि शीघ्र ही चिलर प्लांट को दुरूस्त कर सामान्य व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी।

### हिमांशु बने भाजयुमो के दक्षिण मंडल महामंत्री



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपते युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसी क्रम में दक्षिण मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष हिमांशु सोनवानी को भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद हिमांशु सोनवानी ने पार्टी नेतृत्व सहित विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, महापौर मधुसूदन यादव, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, उपाध्यक्ष भरत वर्मा, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, महामंत्रीद्वय सौरभ कोठारी, डीकेश साहू के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जितेंद्र बने भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष



**राजनांदगांव।** भाजपा युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल एवं सरपंच संघ अध्यक्ष जितेंद्र साहू को जिला भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर जितेंद्र साहू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकिरिहा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी, प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष चिंटू सोनकर सहित सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। जितेंद्र साहू बूथ अध्यक्ष से लेकर युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल में मंत्री, उपाध्यक्ष, अध्यक्ष पद का निर्वहन कर चुके हैं। वह वर्तमान में ग्राम पंचायत भोथीपारखुर्द के सरपंच एवं राजनांदगांव सरपंच संघ के अध्यक्ष भी हैं।जितेंद्र साहू को जिला भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के युवाओं में हर्ष है।

### नवीन को भाजयुमो जिला आईटी सेल प्रभारी की कमान



**राजनांदगांव।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के अनुशंसा में जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर ने अपना जिला पदाधिकारी को घोषणा की। भाजयुमो को और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से संगठनात्मक लेते नवीन साहू को जिला भाजयुमो का आईडी सेल प्रभारी नियुक्त किया गया। पार्टी नेतृत्व ने उनके संगठनात्मक अनुभव, जमीनी कार्यशैली, सामाजिक सक्रियता एवं निरंतर समर्पण को देखते यह जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर आईटी सेल प्रभारी नवीन साहू ने प्रदेश नेतृत्व एवं वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त करते कहा कि वे युवाओं को साथ लेकर संगठन विस्तार, राष्ट्रीय हित, समाजसेवा एवं भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

## पृष्ठ 09 का शेष

### सौंदर्यीकरण और पानी की...

**सड़कों का होगा चौड़ीकरण**

नगर निगम की आय में वृद्धि करने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित भूखंड में पेट्रोल पंप तथा एटीएम स्थापना हेतु 2 करोड़ रुपए, सुगम यातायात के लिए शासन द्वारा अधोसंरचना विकास योजनांतर्गत बाईपास कन्हारपुरी से तिरंगा चौक सड़क चौड़ीकरण करने 6.50 करोड़ रुपए तथा जीई रोड से लखोली कबाड़ी दुकान तक सड़क चौडीकरण हेतु 14.50 करोड़ रुपए। इसी प्रकार आरके नगर चौक से डोंगरगांव रोड़ तक सड़क निर्माण करने 7 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।

**मुक्तिधाम उन्नयन एवं इलेक्ट्रिक शवदाह की स्थापना**

मोहारा, मोतीपुर तथा अन्य मुक्तिधामों के उन्नयन कार्य एवं मठपारा स्थित गौशाला पिंजरापोल मुक्तिधाम में इलेक्ट्रिक शवदाह गृह स्थापना। साथ ही पारसी एवं क्रिश्चियन कब्रिस्तान उन्नयन के अलावा एक शव वाहन क्रय हेतु कुल 4 करोड़ रुपए, शहर के प्रमुख स्थानों जैसे हॉट बाजार, फरहद चौक, प्रेस क्लब कॉलोनी के साथ लखोली, स्टेट हाईस्कूल, चिखली, मोतीपुर स्कूल मैदान तथा अन्य स्थानों में हाईमास्क की स्थापना हेतु 3 करोड़ रुपए, शिवनाथ महोत्सव हेतु छग शासन, संस्कृति विभाग तथा नगर निगम द्वारा आयोजन हेतु 50 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है। टाऊन हॉल शताब्दी वर्ष बलराम दास टाऊन हॉल (पूर्व नगर पालिका मुख्य कार्यालय) स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न आयोजन हेतु 30 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है।

**गौचारा के लिए ट्राली संचालन**

शहर में गौवंश को जगह-जगह हरा चारा खिलाने गौ सेवकों के लिए शहर में ट्राली संचालन किए जाने 10 लाख रुपए, ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों के मनोरंजन के लिए रविवार को सुबह मस्ती की पाठशाला लगाने 10 लाख रुपए, नगर निगम के विभिन्न कार्यों के संचालन हेतु आवश्यकतानुसार वाहन खरीदी करने 5 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।

श्री यादव ने कहा कि उपरोक्त प्रावधानों के अलावा पूर्व के बजट के दीर्घकालीन योजनाए पुत्री शाला, गुडाखू लाइन औषधालय व पुराना बस स्टैंड में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण, आडिटोरियम निर्माण, चिखली ओवरब्रिज से चिखली रोड़ चौड़ीकरण, रॉ-वाटर के मोंगरा बैराज से पाईप लाइन विस्तार, शिवनाथ नदी उन्नयन, मोहरा शिवनाथ नदी के एनीकट की ऊंचाई बढ़ाने आदि प्रावधान जो शासन एवं विभिन्न स्तर में प्रक्रियाधीन है, के अलावा राज्य शासन द्वारा बजट प्रावधान के सभी कार्य को भी इस बजट में समाहित किया गया है।

## कलेक्टर यादव ने ली गैस एजेंसियों की बैठक, दिए कई निर्देश

# घरेलू गैस आपूर्ति सामान्य, जमाखोरी और अधिक वसूली पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिला कार्यालय में गैस आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते गैस एजेंसियों को जमाखोरी और अधिक वसूली से सख्ती से बचने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में ऑयल कंपनियों के सेल्स अधिकारी, जिला खाद्य अधिकारी, सहायक खाद्य अधिकारी, खाद्य निरीक्षक तथा जिले की 15 गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिले में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर्याप्त है और नियमित रूप से वितरण किया जा रहा है।

आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2026 में जिले में 98,774 गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग की गई थी। जबकि मार्च 2026 में 93,133 सिलेंडरों का वितरण किया गया। इससे स्पष्ट है कि घरेलू गैस की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं है।



### कालाबाजारी रोकने लगातार छापेमारी

सिलेंडर की कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा जिलेभर में लगातार छापेमारी भी की जा रही है। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी का कहना है कि होटल, ढाबो के अलावा कई स्थानो में छापेमारी की गई है। कुछ जगह पर घरेलू सिलेंडर जब्त भी किए गए है।

### डिलीवरी में देरी की शिकायतें

समीक्षा में पाया गया कि अधिकांश एजेंसियां बुकिंग के एक सप्ताह के भीतर गैस की डिलीवरी दे रही है। हालांकि जेके एंड संस (एचपी गैस राजनांदगांव), होम प्राइड (इंडेन गैस राजनांदगांव) और प्रोमिनेंट गैस एजेंसी (डोंगरगढ़) में डिलीवरी में देरी की शिकायत सामने आई। कलेक्टर ने इन एजेंसियों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत

कलेक्टर ने सभी गैस एजेंसी संचालकों को चेतावनी देते कहा कि गैस सिलेंडरों की जमाखोरी न की जाए और उपभोक्ताओं से निर्धारित दर से अधिक राशि न वसूली जाए। यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस बुकिंग या डिलीवरी में किसी प्रकार की समस्या होने पर वे टोल-फ्री नंबर 1800-233-3663 या हेल्पलाइन 1967 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## बाइक में शराब ले जाते पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने बाइक में अवैध रूप से शराब ले जा रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 29 पौवा गोवा स्पेशनल विस्की शराब बरामद की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 21 अप्रैल को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम नुनहाटोला एवं ग्राम कोलियारी के बीच कच्चा रास्ता में एक व्यक्ति बाइक से अवैध रूप शराब परिवहन कर रहा।

**नाकाबंदी कर पकड़ा**

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर नाकाबंदी कर आरोपी बाइक में मिला, जो नाम पूछने पर अपना नाम पवन निषाद 32 साल ग्राम दैहान बताया। जिसके कब्जे से 1 एक पीला रंग के प्लास्टिक थैला के अंदर 29 पौवा गोवा स्पेशल विस्की शराब कीमती 3480 रुपए को जब्त किया गया। घटना में प्रयुक्त बाइक को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ मौके पर अपराध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट की अपराध कायम कर विधिवत कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## जर्जर सड़क को लेकर कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 अर्जुनी की जिला पंचायत सदस्य विभा साहू के नेतृत्व में ग्राम सिंगारपुर एवं मेढ़ा के ग्रामीणों ने क्षेत्र की जर्जर एवं खस्ताहाल सड़क समस्या को लेकर मंगलवार दोपहर 1 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। लंबे समय से सड़क की बदहाल स्थिति से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सड़क मरम्मत एवं नवीनीकरण की मांग की।

श्रीमती साहू ने कहा कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। श्रीमती साहू ने मार्च महीने नादिया में आए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपते बताया कि डोंगरगांव ब्लॉक अंतर्गत मेढ़ा-सिंगारपुर सड़क मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत वर्ष 2016 में बनाई गई थी, लेकिन बीते 9 वर्षों में आज तक कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। उन्होंने बताया कि अर्जुनी से



मेढ़ा तक 2.25 किलोमीटर सड़क का निर्माण वर्ष 2022 में हुआ था, लेकिन मात्र ढाई वर्ष में ही सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। वहीं मेढा से सोनेसरार मार्ग 1.55 किलोमीटर सड़क। जिसका निर्माण वर्ष 2015 में हुआ था, उसकी भी आज तक मरम्मत नहीं हुई और न ही नवीन स्वीकृति दी गई। इसके पूर्व के कलेक्टर को भी ज्ञापन दिए गए, लेकिन आज तक प्रशासन द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया है। समय सीमा के अंदर रहते ठेकेदार द्वारा मरम्मत नहीं किया जा रहा है। प्रशासन मूकदर्शक बने देखने का कार्य कर रही है।

### ग्रामीणों ने गिनाई समस्याएं

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग रखते बताया कि सड़क की तत्काल मरम्मत अथवा नवीन निर्माण की स्वीकृति, निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच के लिए समिति गठित की जाए। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते सड़क निर्माण नहीं हुआ तो बरसात में हालात और गंभीर हो जाएंगे। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि ज्ञापन शासन को भेजा जाएगा तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जितेंद्र नेताम, मुकेश निषाद, नरेंद्र साहू, रेखालाल निषाद, रेखाराम निषाद, समेत कन्हैयालाल, संतोष निषाद, योगेश साहू, पुरुषोत्तम उइके, खेदूराम निषाद, नेतराम ठाकुर, द्वारिका निषाद, तोमन साहू, सियाराम निषाद, मन्नू, खेमलाल, महतराम, ढाल साहू सहित सिंगारपुर और मेढ़ा के ग्रामीण मौजूद रहे।

## भगवान श्री चित्रगुप्त की शोभायात्रा आज

**राजनांदगांव।** भगवान श्री चित्रगुप्त का प्राकट्टस उत्सव कल 23 अप्रैल को श्री चित्रगुप्त मंदिर जमातपारा में मनाया जाएगा। कायस्थ समाज के अध्यक्ष लक्की ललित श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त के प्राकट्य उत्सव में शामिल होने के लिए जिले एवं शहर के समस्त सम्माननीय कायस्थ परिवारों में अपनी सहभागिता देने अपार उत्साह देखा जा रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार सुबह 8.30 बजे से भगवान का महाभिषेक, पूजन, हवन, आरती प्रसादी वितरण पश्चात संध्या 4.30 बजे भगवान श्री चित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ मंदिर से किया जाएगा। शोभायात्रा दुर्गा मंदिर, किलापारा, दुर्गा चौक, ब्राम्हणपारा, गांधी चौक, मानव मंदिर चौक से चित्रांश चौक और गुरुद्वारा चौक से होते हुए म्युनिसिपल स्कूल के गांधी सभागृह में पहुंचेगी। शोभायात्रा के पश्चात म्युनिसिपल स्कूल गांधी सभागृह परिसर में सामाजिक मंचीय कार्यक्रम होगा। जिसमें मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव अध्यक्ष नागरिक आपूर्ति निगम व अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक राजीव श्रीवास्तव, जिला भाजपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा एवं पार्षद शैंकी बग्गा उपस्थित रहेंगे।

## छात्र संघ चुनाव की मांग पर मशाल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने शहर में मशाल यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के मार्गदर्शन व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। सोमवार की शाम यह मशाल रैली जयस्तंभ चौक से शुरू हुई। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि सरकार को छात्रों की मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द चुनाव की घोषणा करनी



चाहिए, ताकि युवा वर्ग को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर मिल सके। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा ने बताया कि छात्र संघ चुनाव को लेकर प्रदेश स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष विप्लव शर्मा ने कहा कि छात्र संघ चुनाव कराना सरकार की जिम्मेदारी है और इसे टालना उचित नहीं है।

## पेंड्रीकला गांव में गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केसीजी जिले के ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एक ओर सरकार हर घर नल से जल का दावा कर रही है। वहीं दूसरी ओर गांव में जल जीवन मिशन की हकीकत जमीनी स्तर पर विफल दिखाई दे रही है। पीडब्ल्यूडी द्वारा चल रहे निर्माण कार्यों ने पेयजल समस्या को और गंभीर बना दिया है। जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना



पड़ रहा है। यहां निर्माण कार्यों के पाईप लाइन को नुकसान होने के बाद भी इस पर सुधार कार्य नहीं किया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि यहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी टंकी बनी हुई है, लेकिन पर्याप्त पानी पहले ही नहीं मिल रहा था। वहीं अब जगह-जगह से पाईप लाइन फूटने के चलते पानी घर तक नहीं पहुंच पा रहा है। पानी टंकी के सामने ही वाहनों के दबाव से पाईप फट गया है। जिससे जल आपूर्ति ठप हो गई है। ऐसे में ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य और उसकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा उचित मूल्य दुकान और धन कुट्टी मशीन के आगे भी पाईप लाइन फटी हुई है।

## नवनिर्वाचित गुरुद्वारा प्रबंध समिति की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा राजनांदगांव में 14 अप्रैल को नवनिर्वाचित गुरुद्वारा प्रबंध समिति की आधिकारिक घोषणा संगत की उपस्थिति में विधिवत रूप से की गई। इस अवसर पर साध-संगत ने नई कमेटी को बधाई दी तथा गुरुघर की सेवा में पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की शुभकामनाएं प्रकट की।

- सामाजिक एवं सेवा कार्य व्यवस्थित रूप से चलेंगे

घोषित नई समिति में मुख्य संरक्षक में स. यशपाल सिंह भाटिया, संरक्षक मंडल में स. अजीत सिंह चावला, स. नरेंद्र सिंह बल, स. इंद्रजीत सिंह गरेवाल, स. मुख्तयार सिंह हेर, स. इंद्रपाल सिंह भाटिया, प्रधान अध्यक्ष स. बलदेव सिंह भाटिया, उप-प्रधान उपाध्यक्ष स. हरमेल सिंह झज्ज।

सचिव स. मंजीत सिंह छाबड़ा रिटायर्ड एसडीओ, सह-सचिव स. ऋषि सिंह कक्कड़, कोषाध्यक्ष स. सुरेंद्रपाल सिंह भाटिया (सोनू), उप-कोषाध्यक्ष स. हरमीत सिंह चावला (मिक्की), कार्यकारिणी सदस्य स. गुरदयाल सिंह भाटिया, स. छत्तरवीर सिंह भाटिया, स. जसविंदर सिंह भाटिया, स. सुखबीर सिंह, स. हरविंदर सिंह सौंध, स. हरविंदर सिंह रिन (बिट्टू), स. कुलवंत सिंह भाटिया, स. मंजीत सिंह सलूजा, स. सुरजीत सिंह छाबड़ा, स. मंजीत सिंह चावला (पिंकी), स. जसपाल सिंह भाटिया (बब्बू), स. जगदेव सिंह वाधरा, स. बलबीर सिंह बग्गा, स. मंजीत सिंह भाटिया (बिंदु), स. प्रभजोत सिंह बग्गा (राजा), स. सतिंदर सिंह भाटिया (रम्पी), स. सोनू सिंह भाटिया, स. रवि सिंह बग्गा, स. विक्की सिंह भाटिया, स. सोनू सिंह भाटिया / कुलतार सिंह भाटिया शामिल हैं। नई प्रबंध समिति ने संगत को विश्वास दिलाया कि गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा संबंधी कार्यों को और अधिक व्यवस्थित एवं समर्पित रूप से संचालित किया जाएगा। लंगर सेवा, गुरुपर्वों का आयोजन तथा संगत की सुविधा हेतु विशेष ध्यान दिया जाएगा। अंत में समस्त संगत का सहयोग एवं आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई, ताकि गुरु घर की सेवा और भी बेहतर ढंग से की जा सके।

मेडिसिन विभाग के डॉक्टर
DR. RAMESH MOHABEY
MBBS, MD
DR. KETAN ASHOKRAO NIKHADE
MBBS, MD (GENERAL MEDICINE)
OPD TIME
MORNING 9 AM - 1 PM
EVENING 7 PM - 9 PM
आपातकालीन ड्यूटी के लिए 24 घंटे उपलब्ध।
DR. CHINMAY DAKALIA
MBBS, MD (GENERAL MEDICINE)
OPD TIME
EVENING 7 PM - 9 PM
आपातकालीन ड्यूटी के लिए 24 घंटे उपलब्ध।
अन्य सेवाएं: बाल रोग(PEDIATRICS), स्त्री रोग(GYNECOLOGY), हड्डी रोग (ORTHOPEDICS) एवं जनरल सर्जरी (GENERAL SURGERY)
DKM
डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल
6232021001 / 6232021002
Baldevbagh,Rajnandgaon



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय:
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
Resume करें - 9977374898

पाश मशीन नहीं होने से कोठार सोसायटी ठप, किसानों का पंजीयन और सत्यापन नहीं हो पा रहा

# प्रशासन की लापरवाही, किसान बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले की कोठार सोसायटी में पोस मशीन की अनुपलब्धता के कारण खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। इसका सीधा असर क्षेत्र के मरपा, घुघरीखुर्द, कोठार, चरडोंगरी, सारंगपुर खुर्द, फरीद नवागांव, दुल्लापुर ग्राम के हजारों किसानों पर पड़ रहा है, जो अब मजबूरी में खुले बाजार से ऊंचे दामों पर खाद खरीद रहे हैं। जानकारी के अनुसार, सोसायटी में पोस मशीन के माध्यम से ही किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन मशीन के नहीं होने से किसानों का पंजीयन और सत्यापन नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते खाद का वितरण रुका हुआ है। किसानों का कहना है कि बुवाई का समय नजदीक है, ऐसे में खाद की आवश्यकता सबसे अधिक होती है। बावजूद इसके सोसायटी से खाद नहीं मिलने के कारण उन्हें निजी दुकानों का सहारा लेना पड़ रहा है, जहां कीमतें अधिक वसूली जा रही हैं।

युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने बताया कि कवर्धा क्षेत्र की कोठार सोसायटी में फरवरी और मार्च माह के दौरान विभिन्न प्रकार के खाद का पर्याप्त भंडारण किया गया था। दस्तावेजों के अनुसार यूरिया, सुपर फास्फेट (राखड़) और एनपीके (डीएपी) की बड़ी मात्रा में आपूर्ति हुई, इसके बावजूद किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यूरिया का स्टॉक 12 फरवरी को 668 बोरी, 24 फरवरी को 668 बोरी तथा 17 मार्च को 700 बोरी रखा गया था। वहीं सुपर फास्फेट (राखड़) 22 फरवरी को 600 बोरी और 2 मार्च को 700 बोरी सोसायटी में उपलब्ध कराया गया। इसी प्रकार एनपीके खाद का स्टॉक भी लगातार बढ़ाया गया, जिसमें 10 फरवरी को 700 बोरी, 14 फरवरी को 700 बोरी, 15 फरवरी को 900 बोरी, 1 मार्च को 600 बोरी और 11 मार्च को 600 बोरी सोसायटी में जमा किया गया। कुल मिलाकर सोसायटी में हजारों बोरी खाद का भंडारण होने के बावजूद किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है।

## युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने खाद संकट पर सरकार को घेरा



युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने क्षेत्र में खाद की समस्या को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कोठार सोसायटी में हजारों बोरी खाद का पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आकाश केशरवानी ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक लापरवाही और व्यवस्थागत खामियों के कारण किसानों को खुले बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जिला कांग्रेस सचिव भुवनेश्वर पटेल ने कहा की यह स्थिति सरकार की विफलता को दर्शाती है, जहां उपलब्ध संसाधनों का सही तरीके से वितरण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने मांग की कि किसानों को जल्द से जल्द सुचारू रूप से खाद उपलब्ध कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा न हो।

### कोठार के किसानों ने उठाई खाद की मांग, जल्द उपलब्ध कराने की अपील

कोठार क्षेत्र के किसानों ने खाद की कमी को लेकर चिंता जताते हुए प्रशासन से जल्द आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद नहीं मिलने से खेती प्रभावित हो रही है और उन्हें मजबूरी में खुले बाजार से महंगे दाम पर खरीदना पड़ रहा है। किसान ऋतुराज चंद्रवशी, रमेंद्र चंद्रवशी, प्रमोद नाथ योगी, धनंजय चंद्रवंशी, नंदराम पटेल, विरेन्द्र चंद्रवंशी और विकास चंद्रवंशी ने बताया कि बोआई और फसल की देखभाल के इस महत्वपूर्ण समय में खाद की उपलब्धता बेहद जरूरी है।



# गर्मी में कूलर, फ्रिज, पंखा एवं मटके की बढ़ी मांग

■ ग्रामीण क्षेत्र में मटके का ठंडा पानी आज भी लोगों की पहली पसंद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

प्रदेश में बढ़ती भीषण गर्मी और तेज लू के चलते इन दिनों बाजारों में ठंडक देने वाले आधुनिक उपकरणों की मांग बढ़ गई है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में लोग भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए कूलर, फ्रिज, पंखा और अन्य साधनों की जमकर खरीददारी कर रहे हैं। तापमान में लगातार वृद्धि के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है, जिससे वे अपने घरों को ठंडा रखने के लिए विभिन्न उपाय अपना रहे हैं। स्थानीय बाजारों में दुकानदारों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में कूलर, फ्रिज और पंखों की बिक्री में बढ़ोतरी देखी गई है। साथ ही साथ शादी-ब्याह का सीजन होने के कारण भी खरीददारी में अतिरिक्त बढ़ोतरी आई है। लोग अपने घरों के साथ-साथ शादी-ब्याह के आयोजनों के लिए भी इन वस्तुओं की खरीद कर रहे हैं, जिससे बाजारों में रौनक बढ़ गई है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि आधुनिक उपकरणों के बीच पारंपरिक मिट्टी के मटकों की मांग भी कम नहीं हुई है। बढ़ती गर्मी के मौसम में मटके का ठंडा पानी आज भी लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी के मटके का उपयोग व्यापक रूप से किया जाता है। प्राकृतिक रूप से ठंडा और स्वादिष्ट पानी देने के कारण मटका आज भी अपनी अहमियत बनाए हुए है। क्षेत्र में लोग विशेष रूप से मटकों का उपयोग कर रहे हैं, क्योंकि यह सस्ता, सुलभ और पर्यावरण के अनुकूल होता है। गर्मी के इस मौसम में लगभग हर घर में मटका देखने को मिल रहा है, जो लोगों की प्यास बुझाने का एक सरल और प्रभावी साधन बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### महिला आरक्षण पर भाजपा की रैली राजनीतिकः घनश्याम साहू



**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया अध्यक्ष घनश्याम साहू ने भाजपा की महिला आक्रोश रैली को राजनीतिक नौटंकी बताते हुए कहा कि महिला आरक्षण जैसे गंभीर मुद्दे पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल-2023 संसद में पारित हो चुका है, इसके बावजूद रैली निकालना केवल राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास है। श्री साहू ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रोपेगेंडा के माध्यम से अपनी नाकामियों को छिपाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण आधी आबादी के अधिकार और सम्मान से जुड़ा विषय है, जिसे केवल नारे और रैलियों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। महिलाओं को वास्तविक भागीदारी देने के लिए ठोस नीतियों और ईमानदार प्रयासों की आवश्यकता है।

# गुड़ उद्योग में भड़की भीषण आग बगास का विशाल ढेर जलकर राख

■ तेज आग के लपटों और उठते धुएं से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



लखनपुर कला स्थित हरिओम गुड़ उद्योग में अचानक लगी भीषण आग ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि परिसर में रखा गन्ना बगास (खोई) और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर खाक हो गई। नुकसान का आंकलन करीब 10 लाख रुपए तक पहुंचने का अनुमान है।

उद्योग संचालक राकेश चंद्रवंशी से मिली जानकारी अनुसार बंद पड़े उद्योग में बड़ी मात्रा में बगास का ढेर संग्रहित था, जिसकी ऊंचाई लगभग 30 फीट, चौड़ाई 40 फीट और लंबाई करीब 80 फीट थी। आग लगते ही सूखे बगास ने तेजी से लपट पकड़ ली और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना स्थल कान्हा-भैरा मार्ग पर बस्ती के बेहद करीब होने के कारण स्थिति और गंभीर हो गई। तेज लपटों और उठते धुएं से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू पाना मुश्किल साबित हुआ।

बताया जा रहा है कि देर रात तक फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुंच पाई, जिससे स्थिति और चिंताजनक बनी रही। आग की तीव्रता को देखते हुए पूरी रात निगरानी करनी पड़ रही है, ताकि आग आसपास के क्षेत्रों तक न फैले। प्रशासनिक अमले की त्वरित मौजूदगी और दमकल की समय पर पहुंच को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द प्रभावी राहत एवं सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।

# तालाब में रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य में भारी गड़बड़ी का आरोप

## ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के ग्राम पंचायत राजानवागांव में तालाब के रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और गुणवत्ताहीन कार्य किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल जांच व कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों और स्वीकृत एस्टीमेट के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, जिससे सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि निर्माण स्थल पर अब तक निर्माण कार्य का सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है, जो कि शासन प्रशासन के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। सूचना बोर्ड के अभाव में कार्य की लागत, अवधि और एजेंसी से संबंधित जानकारी सार्वजनिक नहीं हो पा रही है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा रिटर्निंग वॉल की गहराई निर्धारित मानकों से कम रखी जा रही है और निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री, विशेषकर सीमेंट की मात्रा भी कम बताई जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इसी तालाब में पिछले वर्ष भी रिटर्निंग वॉल निर्माण के दौरान गड़बड़ी की शिकायत की गई थी, लेकिन उस समय किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं की गई। इससे संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वर्तमान में यह कार्य मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत द्वारा कराया जा रहा है, जहां गुणवत्ता की अनदेखी कर जल्दबाजी में निर्माण पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

जिस पर ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि भविष्य में तालाब का गहरीकरण किया गया, तो कमजोर निर्माण के कारण रिटर्निंग वॉल के गिरने की पूरी संभावना है, जिससे सरकारी धन की हानि के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में नुकसान भी हो सकता है। वहीं ग्राम राजानवागांव के ग्रामीणों जनों ने जिलाधिकारी से ज्ञापन सौपकर मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों और एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए तथा निर्माण कार्य के भुगतान पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, ताकि आगे किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके। इस दौरान शत्रुहन कोशल, लिकेश, संजय, अमित मरकाम, नारायण श्रीवास सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## अतिरिक्त धान पर समिति के पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं

# मरका में पानी डालकर बढ़ाया धान का वजन



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के मरका धान खरीदी केंद्र में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से प्राप्त वीडियो फुटेज और 16 फरवरी 2026 को मिली शिकायत के आधार पर शुरू हुई जांच में धान खरीदी प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ियों का खुलासा हुआ है। संयुक्त जांच दल ने 19 फरवरी को मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

जांच के दौरान मार्कफेड मुख्यालय रायपुर स्थित आईसीसीसी के सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट रूप से देखा गया कि 15 फरवरी की रात समिति के कर्मचारी धान की बोरियों में पानी डालकर उनका वजन बढ़ा रहे थे। यह तरीका पूरी तरह अवैध है और शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाला है।

### सख्त कार्रवाई की सिफारिश, प्रभारी होंगे ब्लैकलिस्ट

जांच रिपोर्ट के आधार पर समिति ने कई सख्त कार्यवाही की सिफारिश की है। इसमें सेवा सहकारी समिति मरका की प्रोत्साहन राशि में कटौती, खरीदी प्रभारी ओमप्रकाश चंद्रवंशी को ब्लैकलिस्ट करना और केंद्र को अगले वर्ष के लिए संवेदनशील सूची में शामिल करना शामिल है। शासन को आर्थिक नुकसान, नियमों का खुला उल्लंघन-जांच में यह स्पष्ट हुआ कि समिति प्रबंधक और खरीदी प्रभारी के कार्यो से शासन को गंभीर आर्थिक क्षति पहुंची है। यह छत्तीसगढ़ धान उपार्जन नीति 2025-26 और शासकीय निर्देशों का सीधा उल्लंघन है। संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू करने की सिफारिश भी की गई है।

### बड़ा सवालः क्या रुकेगा धान खरीदी में भ्रष्टाचार

मरका केंद्र का यह मामला धान खरीदी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर कितनी सख्ती से कार्यवाही करता है और भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर कैसे अंकुश लगाया जाता है।

संयुक्त जांच दल ने जब धान का भौतिक सत्यापन किया तो ऑनलाइन रिकॉर्ड में दर्ज 31311 बोरियों के मुकाबले 110 बोरी अधिक यानी कुल 31421 बोरी धान पाया गया।

अतिरिक्त धान के संबंध में समिति के पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं था। मौके पर ही 110 बोरी धान जब्त कर लिया गया। जांच के दौरान खरीदी प्रभारी ओमप्रकाश चंद्रवंशी और चौकीदार पुसूराम सिंगारोर के बयान दर्ज किए गए। दोनों ने स्वीकार किया कि कीड़े-मकोड़ों से बचाने के नाम पर पहले धान की बोरियों में कीटनाशक डाला गया और फिर ट्यूबवेल से करीब 100 फीट लंबे पाइप के जरिए पानी का छिड़काव किया गया।

हालांकि जांच में यह स्पष्ट हुआ कि इस प्रक्रिया का उपयोग वजन बढ़ाने के लिए भी किया गया। जांच के समय खाद्य निरीक्षक मदन मोहन साहू, सहायक खाद्य अधिकारी दलेश्वर साहू और सहकारिता निरीक्षक प्रवेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। मौके पर खरीदी प्रभारी, कंप्यूटर ऑपरेटर और समिति के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थें।

## साइड देते समय सड़क किनारे पलटा ट्रक, बड़ा हादसा टला



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम धनेली के पास बुधवार को सुबह एक ट्रक सड़क किनारे पलट गया। जानकारी के अनुसार, भगतपुर की ओर से आ रही एक पिकअप गाड़ी और दूसरी ओर से मिट्टी ढोने वाला ट्रक आमने-सामने आ गए। सड़क निर्माण कार्य के चलते मार्ग संकरा हो गया है, ऐसे में साइड देते समय ट्रक चालक ने वाहन को किनारे लिया, तभी संतुलन बिगड़ने से ट्रक सड़क से नीचे खेत में पलट गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई । स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक के पलटने से बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर आवाजाही प्रभावित रही, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हो गई। उल्लेखनीय है कि प्रतापपुर से दामापुर तक प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण कार्य जारी है। सड़क पर पीली मिट्टी डाले जाने के कारण फिसलन और धूल की समस्या बनी हुई है, जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के उचित इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटनों के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130